हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026



11 3.47 करोड़ खर्च, लेकिन नहर का पानी अभी तक नहीं पहुंचा






12 बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रही सरकारः सुभाष बराला




## खबर संक्षेप

### हाईवे पर हादसा, एक्सल टूटने से पलटी स्कॉर्पियो

**फतेहाबाद।** नेशनल हाईवे-9 पर स्थित भूना पुल के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें सिरसा के एक निजी स्कूल की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में स्कूल के दो शिक्षक घायल हो गए हैं। चलती गाड़ी का अचानक एक्सल टूट जाना दुर्घटना की मुख्य वजह बना। एक्सल टूटने के बाद गाड़ी का एक टायर निकल गया और वाहन करीब 50 फुट तक सड़क पर घिसटता हुआ पलट गया।

### हेरोइन के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भूना क्षेत्र से एक युवक को 6.35 ग्राम हेरोइन सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि पुलिस की टीम गश्त के दौरान भूना बस स्टैंड के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### बंद मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने हंस कॉलोनी स्थित एक बंद मकान में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेश उर्फ मन्नू, निवासी हंस कॉलोनी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि चोरी की यह वारदात हंस कॉलोनी, गर्ल्स कॉलेज वाली गली में स्थित एक मकान में हुई थी।

### सांसद कुमारी सैलजा आज फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा 15 अप्रैल बुधवार को फतेहाबाद पहुंचेंगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने बताया कि कुमारी शैलजा सुबह 9 बजे पुराने रेस्ट हाउस में आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। इसके बाद वे सुबह 10 बजे जिला समन्वय समिति एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाग लेने के लिए सचिवालय के लिए प्रस्थान करेंगी।

### बुजुर्ग पेंशन कटौती को लेकर जाम की चेतावनी

**टोहाना।** नगर परिषद के पूर्व उप-प्रधान और वार्ड नंबर-10 के पार्षद रामकुमार सैनी ने बुजुर्गों की कटी हुई पेंशन को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले पांच महीनों से इस समस्या का सामना कर रहे बुजुर्गों और विधवा महिलाओं के पक्ष में खड़े होते हुए सैनी ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। पार्षद ने सरकार और प्रशासन को 18 अप्रैल तक का समय दिया है। यदि इस तिथि तक लंबित पेंशन जारी नहीं हुई, तो वे जनता के साथ मिलकर चंडीगढ़ रोड पर चक्का जाम करेंगे।

## 17-18 अप्रैल को मौसम खराब होने के आसार

# पारा चढ़ते ही गेहूं आवक ने पकड़ी रफ्तार, लिफ्टिंग मात्र एक फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**नमी का हवाला देकर एजेंसियां खरीद से पीछे, किसान आक्रोशित**

पिछले तीन दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को हालात यह थे कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यानि पिछले तीन दिनों में 7 डिग्री तक तापमान बढ़ चुका है। अब गर्मी व लू के कारण गेहूं की कटाई व आवक ने जोर पकड़ लिया है। मंगलवार तक फतेहाबाद जिले की 7 मंडियों और 44 खरीद केंद्रों पर 34 लाख 11 हजार 341 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इतनी रफ्तार से गेहूं की आवक होने से खरीद एजेंसियों के हाथ-पांव कांप रहे हैं। पहले से लिफ्टिंग के लिए तैयार न होने के कारण मंगलवार में कुल आवक में से मात्र 34718 क्विंटल गेहूं की ही लिफ्टिंग हो पाई है। हैरानीजनक तथ्य है कि अभी तक केवल एक प्रतिशत ही गेहूं का उठान हुआ है। 99 प्रतिशत गेहूं मंडियों में ही पड़ा है। बता दें कि एचएयू हिसार के मौसम विभाग ने आज-कल में पश्चिमी विक्षोभ की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 17 व 18 अप्रैल को बादलवाही व बारिश की आशंका जताई गई है। ऐसे में मंडियों में गेहूं भीगना लाजिमी है। तापमान बढ़ते ही अनाज मंडियों में गेहूं की आवक ने रफ्तार पकड़ ली है, लेकिन खरीद और उठान की सुस्त प्रक्रिया ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिले की मंडियों में हालात यह हैं कि जगह तक नहीं बची, जबकि खरीद एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि लिफ्टिंग केवल 34718 क्विंटल तक सिमटी हुई है, जिससे करीब 33 लाख 76 हजार 623 क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। जाखल और रतिया मंडियों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। जाखल में पिछले दो दिनों से किसान आक्रोश में हैं, क्योंकि मंडी में गेहूं रखने तक की जगह नहीं बची। भूना मंडी में सबसे ज्यादा 7 लाख 82 हजार 883 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है।



**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में पड़ी गेहूं की बोरियां। *फोटो : हरिभूमि*

### धरातल पर पेश आ रही समस्याएं

- मंडियों में जगह खत्म, ट्रैक्टर ट्रॉलियां लाइन में
- खरीद एजेंसियां नमी का हवाला देकर टाल रही खरीद
- बारिश का खतरा, फसल खराब होने की आशंका
- प्रशासन के आदेशों का जमीनी स्तर पर असर नहीं

### इन मंडियों में गेहूं की आवक

| मंडी | गेहूं की आवक | गेहूं खरीद | उठान |
|---|---|---|---|
| फतेहाबाद | 428940 | 180154 | 12170 |
| भट्टू | 291038 | 53067 | 2990 |
| भुना | 782883 | 112832 | 3336 |
| रतिया | 757340 | 272368 | 2712 |
| टोहाना | 627637 | 238455 | 13000 |
| जाखल | 172346 | 41831 | 510 |
| धारसूल | 351157 | 81126 | 00 |
| कुल | 3411341 | 979833 | 34718 |

(आंकड़े क्विंटल में)

### जिले में गेहूं खरीद के आंकड़े

| | |
|---|---|
| कुल आवक | 3411341 क्विंटल |
| कुल खरीद | 979833 क्विंटल |
| कुल उठान | 34,718 क्विंटल |
| खुले में पड़ा गेहूं | 33,76,623 क्विंटल |



**फतेहाबाद।** अधिकारियों की मीटिंग में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

# बायोमेट्रिक न मिले तो आंखों की पुतली का विकल्प मौजूद : डीसी

- गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों और विभिन्न खरीद एजेंसियों की बैठक को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीसी डा. विवेक भारती ने सभी खरीद एजेंसियों को गेहूं उठान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा है कि खरीदे गए गेहूं का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एजेंसियों को निर्देश दिए कि उठान के लिए लगाए गए वाहनों की वास्तविक संख्या का सही रिकॉर्ड रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की बाधा न आए। डीसी लघु सचिवालय के सभागार में गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों और विभिन्न खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रबी खरीद सीजन के दौरान खाद्यान्न खरीद प्रणाली में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। किसानों की सुविधा के लिए डीसी ने कहा कि यदि अंगूठे के निशान का मिलान नहीं होता है, तो आईरिस (आंखों की पुतली) के माध्यम से प्रमाणीकरण का विकल्प भी उपलब्ध है।

### अधिकारियों को निर्देश

इसके अलावा, डीसी ने सभी मंडियों में तैनात नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार मंडियों का दौरा करते रहें और व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। उन्होंने खरीद एजेंसियों के परचेज अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे समय पर मंडियों में पहुंचकर खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को इंतजार न करना पड़े और पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे।

# फसल बेचने में न आए परेशानी: पारस

- एसडीएम ने अनाज मंडियों दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ऐलनाबाद

रबी की फसलों की खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने और किसानों को मंडियों में हर संभव सुविधा सुनिश्चित करने की कड़ी में मंगलवार को एसडीएम पारस भागोरिया ने अनाज मंडी व खरीद केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने ऐलनाबाद अनाज मंडी के साथ-साथ तलवाड़ा खुर्द, धोलपालिया, भूरटवाला खरीद के केंद्रों का दौरा कर वहाँ पर दी जा रही सुविधाओं व व्यवस्थाओ का जायजा लिया। एसडीएम ने खरीद कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए।



**सिरसा।** मंडी में व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

### कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता जांची

निरीक्षण के दौरान एसडीएम भागोरिया ने ऐलनाबाद मंडी स्थित अटल किसान-मजदूर कैंटीन भी पहुंचे। वहां उन्होंने कैंटीन में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने वहां भोजन कर रहे किसानों के बीच बैठकर उनसे सीधे बातचीत की। एसडीएम ने किसानों से पूछा कि क्या उन्हें भोजन सही समय पर और उचित गुणवत्ता के साथ मिल रहा है या नहीं। एसडीएम ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों और खरीद एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फसल खरीद के साथ ही उठान कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में भीड़ न जमा हो।

## मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन ने अनाज मंडी की व्यवस्थाएं जांची

**सिरसा।** मार्केट कमेटी सिरसा के वाइस चेयरमैन जनकराज शेरपुरा सिरसा अनाज मंडी में गेहूं की खरीद सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनकराज ने अनाज मंडी मार्केट कमेटी के सचिव वीरेंद्र मेहता, सह सचिव संदीप जांगड़ा सहित अन्य अधिकारियों के साथ अनाज मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी के अधिकारियों व उन्होंने मिलकर प्रयास किया है कि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। किसानों को टोकन लेने में परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा गया है। वहीं गेहूं की खरीद सुचारु रुप से चल रही है और गेहूं का उठान भी साथ साथ करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सिरसा मंडी में समस्याओं पर मंथन

- आढ़ती एसोसिएशन ने लस्टर लॉस व पोर्टल दिक्कतें उठाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने द आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ सिरसा अनाज मंडी का दौरा किया। मंडी प्रधान प्रेम बजाज ने अतिरिक्त उपायुक्त से फसली सीजन में मंडी में किसानों व आढ़तियों को दरपेश आ रही समस्याओं जैसे लस्टर लॉस का मुद्दा, ऑनलाइन गेटपास न कटना, सरकारी पोर्टल में तकनीकी खराबी, मंडी में सिक्योरिटी उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अन्य मुद्दों से अवगत करवाया। काफी देर तक सभी मुद्दों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त व एसोसिएशन पदाधिकारियों के बीच विचार-विमर्श हुआ, जिसपर अतिरिक्त उपायुक्त ने विस्तारपूर्वक बात सुनी और संबंधित विभागों को जल्द से जल्द इन समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए।



**सिरसा।** एसडीएम के साथ मंडी का दौरा करते हुए आढ़ती प्रधान। *फोटो : हरिभूमि*

### आढ़तियों को नहीं आने दी जाएगी परेशानी

एडीसी अर्पित संगल ने कहा कि किसानों व आढ़तियों को खरीद व उठान व्यवस्था में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। जिला प्रशासन पूरी सजगता से इस दिशा में काम कर रहा है। एडीसी ने तीनों एजेंसियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द पोर्टल को ठीक करवाया जाए।

# 1 से 30 मई तक चलेगा जनगणना का प्रथम चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

**नागरिक पोर्टल पर स्वयं दर्ज कर सकेंगे अपनी जानकारी**

एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि हरियाणा में जनगणना 2027 का प्रथम चरण यानि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना आगामी 01 मई से 30 मई तक, 30 दिन की अवधि के दौरान संचालित किया जाएगा। इस बार की जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और आधुनिक बनाते हुए नागरिकों को स्व-गणना की विशेष सुविधा प्रदान की जा रही है। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि आमजन अब स्वयं जनगणना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि इस आधुनिक पहल से नागरिकों को समय की बचत के साथ-साथ अपनी जानकारी सटीक रूप से दर्ज करने का अवसर मिले।

# 7 किलो चूरापोस्त सहित दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को गांव मेहनाखेड़ा क्षेत्र से हजारों रुपये का सात किलो 94 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव मेहना खेड़ा की तरफ जा रही थी। इस दौरान गांव मेहना खेड़ा के नजदीक सामने से बाइक पर प्लास्टिक थैला लेकर दो युवक आते दिखाई दिए। बाइक सवार युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार युवकों को काबू कर थैले की तलाशी ली तो उसमें से 7 किलो 94 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियो की पहचान संदीप व रविंद्र के रुप में हुई है।



चूरापोस्त सहित पकड़ा गया आरोपी।

### अन्य मामला

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान थेहड़ मोहल्ला से मोटरसाइकिल सवार एक युवक को हजारों रुपए का 2 किलो 518 ग्राम गांजा पत्ती सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान नीरज कुमार जिला सिरसा के रुप में हुई है।

# अवैध कॉलोनी काटने वालों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**डीटीपी ने 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर के लिए लिखा पत्र**

शहर के साथ लगते गांव बीघड़ क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ जिला टाउन प्लानर विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। डी टी पी कार्यालय ने हरियाणा स्टेट एन्फोर्समेंट ब्यूरो के थाना प्रभारी को पत्र लिखकर एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं। आरोपियों में एक राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्ति और एक सामाजिक संस्था के प्रमुख का नाम भी चर्चा में है, जिससे क्षेत्र के प्रॉपर्टी डीलरों में हडक़ंप मच गया है। डीटीपी द्वारा जारी पत्र के मुताबिक, इन लोगों ने गांव बीघड़ की करीब 39 कनाल 11 मरला जमीन पर बिना किसी अनुमति या लाइसेंस के लेआउट प्लान तैयार कर प्लॉटों की बिक्री शुरू कर दी थी।

# 16 अप्रैल को होगा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

**महिलाओं को उनके अधिकारों की दी जाएगी जानकारी**

सिरसा में 16 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के क्रियान्वयन के लिए महिलाओं को जागरूक करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि यह कार्यक्रम शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां से एक भव्य पदयात्रा की शुरुआत होगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल द्वारा हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया जाएगा। यह पदयात्रा शहीद भगत सिंह स्टेडियम से शुरू होकर बाबा भुम्मण शाह चौक, बरनाला रोड से होते हुए नेशनल कॉलेज सिरसा में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे वे समाज में और अधिक सशक्त बन सकें। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

## फतेहाबाद नगर परिषद चेयरमैन की लापरवाही, सामाजिक संगठनों में नाराजगी

# भीमराव आंबेडकर जयंती पर छपवा दी पुण्यतिथि प्रतिबंधित क्षेत्रों में होर्डिंग लगाने पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद शहर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर परिषद के चेयरमैन राजेंद्र सिंह खिंची एक गंभीर विवाद में घिर गए हैं। चेयरमैन की ओर से शहर भर में लगाए गए बधाई संदेश के होर्डिंग्स में 'जयंती' के स्थान पर 'पुण्यतिथि' छपवा दिया गया, जिसने अब तूल पकड़ लिया है। इस बड़ी चूक के कारण स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। बता दें कि संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नगर परिषद के चेयरमैन द्वारा शहर के प्रमुख चौकों और रास्तों पर बधाई वाले होर्डिंग लगवाए गए थे। जैसे ही ये होर्डिंग्स सार्वजनिक हुए, लोगों ने पाया कि इन पर बड़े अक्षरों में 'जयंती' की जगह 'पुण्यतिथि' लिखा हुआ है। यह मामला सोशल मीडिया से लेकर शहर की गलियों तक चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने इसे न केवल एक प्रशासनिक लापरवाही बताया, बल्कि बाबा साहेब के प्रति घोर असम्मान भी करार दिया।




**फतेहाबाद।** नगरपरिषद प्रधान द्वारा लगाए गए बैनर। *फोटो : हरिभूमि*

### जताया ऐतराज

जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह सहित शहर के प्रमुख नागरिकों प्रमोद बजाज, सुरेंद्र नायक और पवन कालड़ा ने इस घटना पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि नगर परिषद के चेयरमैन को महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि के बीच का अंतर तक नहीं पता।

### चेयरमैन मौन

इस पूरे घटनाक्रम और अपनी कार्यशैली पर उठ रहे सवालों के बीच नगर परिषद चेयरमैन राजेंद्र सिंह खिंची का रुख स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में जब उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। अधिकारियों की चुप्पी ने जनता के बीच असंतोष को और बढ़ा दिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या कानूनी या अनुशासनात्मक कार्रवाई करता है।

### बेकरी में आग लगने से लाखों का नुकसान

**सिरसा।** रानियां स्थित सब्बरवाल बेकरी में बीती देर रात को भीषण आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना रानियां के दीप मैरिज पैलेस के पास स्थित बेकरी में हुई। बेकरी मालिक लविश ने बताया कि आग गुटका की भट्ठी में पूरी तरह से न बुझे कोयलों के कारण लगी। रात में बेकरी का सामान एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट करते समय भट्ठी में कुछ कोयले डाले गए थे, जो पूरी तरह से नहीं बुझे थे और उन्हीं से आग फैल गई। बेकरी मालिक को सुबह लगभग 6 बजे आग लगने का पता चला। उन्होंने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

लाइफ Style



# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने




अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल

# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :**
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दीपिका बनीं अग्रवाल वैश्य समाज की जिलाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज की महिला प्रदेशाध्यक्ष सुशीला सर्राफ और प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने दीपिका बंसल को फतेहाबाद महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा लक्ष्या गर्ग को जिला महासचिव व प्रीति बंसल को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने महिला प्रदेशाध्यक्ष सुशीला सर्राफ, प्रदेशाध्यक्ष अशोक बवानीवाला, कार्यकारी महिला प्रदेशाध्यक्ष वेणु अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री पायल गोयल, प्रदेश संगठन मंत्री संतोष जैन सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारियो का धन्यवाद किया।

### डॉ. ढिल्लों दिल्ली स्वर्णकार संघ के बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**सिरसा।** ज्योतिषाचार्य व वास्तुकार डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों को दिल्ली स्वर्णकार संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों ने दिल्ली स्वर्णकार संघ के महासचिव पुनीत भोला, केंद्रीय राज्य मंत्री सरदार हरदीप सिंह गिल, नेशनल वर्किंग प्रेसिडेंट ऑल इंडिया कंज्यूमर वेलफेयर काउंसिल एडवोकेट अनुजा बाजपेई, एस्ट्रोलॉजर पुष्प लता जायसवाल का आभार जताया।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया नमन

**सिरसा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन सलाह ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुरदीप सैनी, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, महासचिव नवीन सिंगला, प्रदेश सचिव महेश चौधरी, आजाद सिंह, मनोज कुमार तथा रामपाल सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुदरीप सैनी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक सुधार का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं।

### नवोदय विद्यालय में बाबा साहेब जयंती पर प्रार्थना

**ओढां।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्राचार्य ललीत कालड़ा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने तथा शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

### वरिष्ठ पेंशनर्स को किया सम्मानित

**सिरसा।** हरियाणा बिजली पेंशनर वैल्फेयर एसोसिएशन का सम्मान समारोह बिश्नोई धर्मशाला में हुआ। सचिव रणसिंह यादव ने बताया कि सेवानिृत बिजली निगम के पैंशनरज नाजर सिंह, मनसाराम, बारूराम, कृष्ण लाल गंभीर, अमर सिंह, सीबी गाबा, देसराज, फतेहचंद, हरीसिंह, आईडी मेहता, जयकिशन, नंदकिशोर, ओपी वधवा, ओमप्रकाश, प्रेम सिंह, रामगोपाल, रामकृपाल, रणसिंह यादव, एसएस बत्रा, प्यारा सिंह को सम्मानित किया।

### रघुबीर शर्मा बने श्री दाधीच महासभा के प्रधान

**सिरसा।** श्री दाधीच महासभा की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए भगवान श्री परशुराम धर्मशाला में एक बैठक जुगल किशोर करेसिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में अखिल भारतीय दाहिमा ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष चंद्र दाधीच बायंवालों भी मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन जुगल किशोर करेसिया की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जुगल किशोर करेसिया, पटेल प्रसाद शर्मा, जुगलाल शर्मा, राजेश कुमार शर्मा शामिल थे। समिति ने रघुवीर शर्मा को प्रधान, मनमोहन शर्मा को सचिव, सुभाष चंद्र शर्मा को सह सचिव, मनीष शर्मा को कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार शर्मा को सह कोषाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा।

## हसंगा गांव का करोड़ों का नहर पेयजल प्रोजेक्ट विवादों में घिरा

# 3.47 करोड़ खर्च, लेकिन नहर का पानी अभी तक नहीं पहुंचा

*अधूरी पाइपलाइन और सड़क मरम्मत से ग्रामीणों को परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भूना

क्षेत्र के गांव हसंगा में करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किया गया नहर आधारित पेयजल प्रोजेक्ट शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। करीब 3.47 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को आज तक नहर का पानी नसीब नहीं हुआ। इसे लेकर ग्रामीणों ने प्रोजेक्ट में बड़े स्तर पर घोटाले का आरोप लगाया है। ग्रामीण कृष्ण कुमार भगासरा, पवन कुमार, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, सतबीर सिंह, सीताराम, छिंदा सिंह और राजकुमार सहित अन्य ने मुख्यमंत्री और हरियाणा के मुख्य सचिव को भेजी शिकायत में बताया कि करीब तीन साल पहले गांव में पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था, लेकिन यह कार्य आज तक अधूरा पड़ा है। आरोप है कि जुलाई 2024 में अधूरे काम को पूरा दिखाकर ठेकेदार को पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के करीब 60 प्रतिशत हिस्से में अभी तक पाइपलाइन ही नहीं डाली गई है। जहां खुदाई की गई थी, वहां सडक़ों की मरम्मत भी अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इसके अलावा पिछले कई महीनों से नहर में पानी बंद होने के कारण ग्रामीणों को ट्यूबवेल के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ट्यूबवेल के पानी में टीडीएस स्तर 500 तक पहुंच चुका है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे काला पीलिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।



**भूना।** हसंगा गांव में करोड़ों की लागत से बनाया गया जल घर।

### कई बार समस्या को लेकर करवाया अवगत, समाधान नहीं

ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने कई बार जिला प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और जल्द से जल्द गांव में नहर का पानी बहाल किया जाए। इस मामले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उप मंडल अभियंता भागी राम ने बताया कि भिरड़ाना डिस्ट्रीब्यूटरी में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा, जिसके कारण सप्लाई प्रभावित है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग से बात की गई है और जल्द ही नहर में पर्याप्त पानी छोड़ा जाएगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि जहां पाइपलाइन डाली जानी थी, वहां काम पूरा किया जा चुका है।

## भाविप ने 'स्वगणना 2027' के लिए चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

भारत विकास परिषद, शाखा फतेहाबाद द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027' के अंतर्गत 'स्वगणना जागृति कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माजरा रोड स्थित बागवां में आयोजित हुआ, जहां परिषद के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर अंकित शर्मा ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने जनगणना के बदलते स्वरूप और स्वगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के निर्माण की नींव है। इस बार सरकार ने स्वगणना का जो विकल्प दिया है, वह डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आंकड़ों की सटीकता भी सुनिश्चित होगी। हमारा कर्तव्य है कि हम स्वयं आगे आकर आधिकारिक पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा फतेहाबाद के अध्यक्ष कृष्ण बलदेव गोदारा ने कहा कि परिषद सामाजिक सरोकारों के लिए सदैव तत्पर है और राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेगी।



**फतेहाबाद।** कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता अंकित शर्मा।

## 271 ग्राम हेरोइन मामले में मुख्य सप्लायर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

एंटी नारकोटिक सेल और थाना भूना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हेरोइन तस्करी के एक बड़े नेटवर्क की कमर तोड़ दी है। पुलिस ने 271 ग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में वांछित मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए मुख्य आरोपी की पहचान आकाश उर्फ रिंकू निवासी वार्ड नंबर 4, भूना के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि यह कार्रवाई 15 मार्च 2026 को दर्ज किए गए एक मामले की कड़ी है। उस समय एएनसी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर उकलाना रोड स्थित कबीर पार्क के पास से प्रदीप उर्फ देव निवासी चंदन नगर, भूना को 271 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया था। इस मामले में थाना भूना में एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपी प्रदीप से हुई पूछताछ और गहन तफ्तीश के बाद पुलिस मुख्य सप्लायर आकाश उर्फ रिंकू तक पहुंचने में कामयाब रही। पुलिस जांच में सामने आया कि आकाश ही वह व्यक्ति था जो इस अवैध कारोबार में मुख्य सप्लायर की भूमिका निभा रहा था।

### व्यापारी से रंगदारी मांगने वाला आरोपी दीपांशु पाहवा गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक व्यापारी से फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपांशु पाहवा निवासी किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि यह कार्रवाई प्रेम नगर निवासी अनुज मित्तल की शिकायत पर की गई है। अनुज मित्तल की भूत मार्केट में स्पेयर पाट्र्स की दुकान है और वे करीब 125 ट्रालों की यूनियन के प्रधान भी हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों के एक गिरोह ने उनसे 15 हजार रुपये प्रति महीना रंगदारी की मांग की थी।

## सांसद सैलजा ने 200 महिलाओं को वितरित किए सैनेटरी पैड

■ कहा, कांग्रेस सामाजिक क्षेत्र में भी कार्य करने वाली अग्रणी संस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा आरंभ की गई देशव्यापी योजना के तहत सिरसा में भी मंगलवार को 200 महिलाओं को सैनेटरी पैड वितरित किए गए। इस दौरान सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस महज एक राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि एक सामाजिक दायित्व निभाने वाली संस्था भी है जो समय समय पर ऐसे आयोजन कर आमजन को लाभ प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा आरंभ की गई प्रियदर्शनी उड़ान योजना के तहत मंगलवार को देशभर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, बहनों को लाभान्वित किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि आम महिलाओं, बहनों को लाभ प्रदान करने वाला यह कार्यक्रम वर्षभर जारी रहेगा। इससे पूर्व जिला महिला कांग्रेस की प्रधान कृष्णा फौगाट ने मुख्यातिथि सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा का गर्मजोशी से अभिनंदन किया और इस योजना के तहत महिलाओं, बहनों के स्वास्थ्य संबंधी चिंता करने के लिए सांसद सहित राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की सराहना की।


**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## अभय चौटाला आज अनाज मंडी का करेंगे दौरा

### किसानों व व्यापारियों से संवाद कर फसल खरीद का लेंगे जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला आज फतेहाबाद के भट्टू रोड स्थित अनाज मंडी का दौरा करेंगे। इस दौरे के दौरान वे फसल खरीद कार्यों की जमीनी हकीकत का जायजा लेंगे और किसानों, व्यापारियों व अनाज मंडी में काम करने वाले मजदूरों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जानेंगे। यह जानकारी देते हुए इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने बताया कि अभय सिंह चौटाला हमेशा से ही किसानों और कमेरे वर्ग की आवाज उठाते रहे हैं। इसी कड़ी में वे मंडी में पहुंचकर यह देखेंगे कि क्या किसानों को उनकी फसल का उचित दाम और समय पर भुगतान मिल रहा है या नहीं। किसानों को फसल बेचने में किन-किन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद प्रवास के दौरान अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को विस्तार से सुना और उनके आंदोलन को इनेलो की ओर से पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया। सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद में इनेलो पदाधिकारियों की बैठक भी ली और अभय चौटाला के दौरे की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।


**फतेहाबाद।** फायर कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते सुनैना चौटाला।

### मांगों को लेकर रोष

कर्मचारियों के मुद्दे पर बोलते हुए इनेलो नेत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार फायर कर्मचारियों की जायज मांगों को अनसुना कर रही है, जिससे उनमें भारी रोष है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि बिना किसी देरी के इन कर्मचारियों की मांगों को पूरा किया जाए ताकि जनता को आपातकालीन सेवाओं में कोई असुविधा न हो। सुनैना चौटाला ने अंत में क्षेत्र के तमाम किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों और मजदूर भाइयों से अपील की कि वे 15 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में भट्टू रोड स्थित अनाज मंडी पहुंचें।

## पीएम की नीतियों से बदला देश का स्वरूप : बराला

### सुभाष खिलेरी के भाजपा में आने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए हैं और गरीब, किसान, युवा, महिला तथा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने यह बात गांव रत्ताखेड़ा में भाजपा में शामिल हुए युवा नेता सुभाष खिलेरी के निवास पर आयोजित कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सांसद बराला यहां खिलेरी निवास पर आयोजित जलवा पूजन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। गांव में पहुंचने पर सुभाष खिलेरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और चेयरमैन वेद फुलां का पुष्प गुच्छ भेंट कर और जोरदार नारेबाजी के साथ स्वागत किया। सांसद ने सुभाष खिलेरी के भाजपा में आने पर खुशी जाहिर करते हुए उनका स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी में मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं को हमेशा पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। संबोधन के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने बीते वर्षों में अंत्योदय की भावना से काम करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडऩे का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की धाक पूरी दुनिया में जम रही है।


**रतिया।** गांव रत्ताखेड़ा में सांसद सुभाष बराला व चेयरमैन वेद फुलां का स्वागत करते सुभाष खिलेरी।

### पार्टी की मजबूत करने का दिया मंत्र

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज सीधा पात्र व्यक्तियों के बैंक खातों में पहुंच रहा है, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। सांसद बराला ने सुभाष खिलेरी की पीठ थपथपाते हुए उनकी ऊर्जा की प्रशंसा की और उनसे आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का मंत्र दिया।

## युवा नशे से दूर रहकर मानवता भलाई के लिए कार्य करें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर यूथ क्लब एसोसिएशन सिरसा ने गांव भरोखां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 57 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पुलिस अधीक्षक एसपी दीपक सहारन ने कहा कि रक्तदान को महादान क्योंकि यह सीधे-सीधे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन देने का कार्य करता है। आज के समय में जब दुर्घटनाओं, बीमारियों और आपात स्थितियों की संख्या बढ़ रही है, तब रक्त की आवश्यकता भी निरंतर बढ़ती जा रही है। ऐसे में समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति, विशेषकर युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होते हैं। उनकी ऊर्जा, उत्साह और जागरूकता से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। यदि युवा वर्ग नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे, तो वे नियमित रूप से रक्तदान कर समाज में मानवता की मिसाल पेश कर सकते हैं। एसपी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लें।


**सिरसा।** गांव भरोखां में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को संबोधित करते एसपी।



## आया उत्सव रंग रंगीला हम तो नाचेंगे... भजन पर झूमे श्रद्धालु

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में सोमवार रात्रि को मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन जब तू मेरे साथ है फिर डरने की क्या बात है, लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे, हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में फतेहाबाद से आई भजन गायिका मोना मेहता ने मुंह से बोले राम श्रीराम भक्त हनुमान बोले राम-राम भजन से बाबा श्याम के श्रीचरणों में अपनी हाजिरी लगाई। मोना मेहता ने भजन- श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, आया उत्सव रंग रंगीला हम तो नाचेंगे, मस्ती चढ़ी मुझ पर मेरे सांवरे की मस्ती चढ़ी, आयो फाग्नियो बुलावै बाबा श्याम, श्याम बगीची वाले ने कमाल कर दिया जो भी आया मालामाल कर दिया।

### गांधी विद्या मंदिर में बैसाखी उत्सव, पंजाबी संस्कृति की दिखी झलक

# विद्यार्थियों ने गीत और भांगड़ा से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

सेक्टर -12 स्थित गांधी विद्या मंदिर विद्यालय में बैसाखी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। नव्या व डोलसी ने मंच संचालिका की भूमिका अदा की। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने बैसाखी के पर्व पर बहुत ही शानदार कविता सुनाई। कक्षा नौवीं तथा दसवीं की छात्राओं ने 'आई बैसाखी सोहण्या' गीत पर बहुत शानदार भांगड़ा प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी से पाँचवी की छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से पंजाब की संस्कृति को दर्शाया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में इस कक्षा छठी से आठवीं की छात्राओं ने बहुत अच्छा प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रिंसिपल सुशील शर्मा ने बैसाखी के इतिहास के बारे में बताकर बैसाखी के महत्व से बच्चों को अवगत कराया तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।


**फतेहाबाद।** गांधी विद्या मंदिर स्कूल में बैसाखी पर्व मनाती छात्राएं।

### एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में मनाया बैसाखी उत्सव



**फतेहाबाद।** सतीश कॉलोनी स्थित एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने भांगड़ा एवं गिद्धा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यालय का वातावरण पूर्णतः उत्सवमय एवं आनंदमय हो उठा। विद्यालय निदेशक अमित मक्कड़ ने कहा कि बैसाखी केवल फसल कटाई का पर्व ही नहीं, बल्कि परिश्रम, समर्पण और नव-आरंभ का प्रतीक भी है।

## आंबेडकर का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत

# बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रही है केंद्र और प्रदेश सरकार: सुभाष बराला



टोहाना। डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में भाग लेते सांसद सुभाष बराला व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर टोहाना के रतिया रोड स्थित आंबेडकर चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा समानता, सामाजिक न्याय और संविधान के प्रति उनकी अमूल्य देन को कृतज्ञता के साथ स्मरण किया। बराला ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए एक महान प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया और एक ऐसे मजबूत संविधान की रचना की, जिसने समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान अधिकार, न्याय और सम्मान पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए एक बेहद यादगार और अविस्मरणीय दिन है। सांसद सुभाष बराला ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को एक सशक्त संविधान देने में यदि सबसे बड़ी भूमिका किसी की थी, तो वह बाबा साहेब आंबेडकर की थी। आज जब हमारा देश पूरी दुनिया में एक ताकतवर और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, तो उसमें बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान का बहुत बड़ा योगदान है। उनके दूरदर्शी विचारों ने ही आधुनिक और मजबूत भारत की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन वाली सरकार बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रही है। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन नरेश बंसल, जयमल कटारिया, दीपक खोबड़ा, कुलदीप पूर्व चेयरमैन, रमन मड़िया, ललित मोहन, संदीप शर्मा, रामनिवास सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## क्रेसंट स्कूल में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' थीम के आधार पर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से भाग लेकर पूरे वातावरण में उत्साह एवं प्रेरणा का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन रूही एवं हर्षिका ने संयुक्त रूप से किया। बार्बी, रिया, हरमनजीत व अंश ने 'जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए' पर आधारित भीमराव आंबेडकर के प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। गुनिका व मन्नत ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन, उनकी उच्च शिक्षा तथा समाज में समानता और न्याय स्थापित करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रभावशाली भाषण देते हुए बताया कि किस प्रकार डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति मानते हुए अपने ज्ञान तथा दृढ़ निश्चय के बल पर भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोक्षित, अवनी व भव्य ने जोशीले नारों के माध्यम से समानता और अधिकारों का संदेश दिया। दिव्या व श्रेया ने 'ना झुके हैं कभी, ना रुके कभी, अन्याय के आगे डटे रहे और शिक्षा से बदला हिन्दुस्तान', कविता का सस्वर वाचन किया। अक्षय ने स्पेल चेक व दिव्यांशी तथा यश ने सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों की जानकारी को परखा। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस विशेष दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों शिक्षा, समानता और न्याय को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर को नौ भाषाओं का असाधारण ज्ञान था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का 135वां जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आंबेडकर पार्क में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आरपीआई के जिला प्रधान बलविंदर चौहान ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा उन्होंने शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भी शिरकत की। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बलविंदर चौहान ने कहा कि आज समाज जिस सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जी रहा है, वह बाबा साहब की ही देन है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के पास 32 डिग्रियां और नौ भाषाओं का असाधारण ज्ञान था। भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में उन्होंने न केवल संविधान की रचना की, बल्कि दलित, शोषित और पीड़ित समाज की आवाज को दुनिया के सामने बुलंद करने का ऐतिहासिक कार्य भी किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान रामकिशन तंवर, उप प्रधान विन्द्रेश कुमार, दौलत राम, सचिव हवा सिंह और कैशियर चिरंजी लाल ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रधान सुभाष चौहान, समाजसेवी उदय सिंह और धर्मपाल मास्टर भी उपस्थित रहे। इसके अलावा महेंद्र नायक, सुल्तान नायक, सनी कुमार, मनमोहन सिंह, गुरसेवक कोलगडिय़ा, दानवीर चौहान, दी प्रति सतीश कुमार, गुरप्रीत नंबरदार सहनाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब को नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



फतेहाबाद। आरपीआई के जिला प्रधान बलविंदर चौहान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर ही मजबूत व समरस समाज का होगा निर्माण



फतेहाबाद। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा द्वारा भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जिलेभर में उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती की पूर्व संध्या पर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मारक स्थलों पर साफ-सफाई की तथा संध्याकाल में शहीदों एवं महापुरुषों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। मंगलवार सुबह बाबा साहेब के स्मारक पर साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बाबा साहेब के जीवन को याद करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने संघर्ष, ज्ञान और दूरदर्शिता से देश को एक मजबूत संविधान प्रदान किया, जो आज भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय और अधिकार दिलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें शिक्षा, आत्मसम्मान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, भाईचारा और न्याय को स्थापित करना चाहिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इंद्र गावड़ी, जगदीश शर्मा, सविता टुटेजा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय थे: यतींद्र

**हमें बाबा साहेब के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए**

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी की सिरसा जिला इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह के नेतृत्व में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मदिवस को बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के भीमराव अंबेडकर चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय समाज के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर भी पार्टी कार्यकतार्ओं ने पूरे शहर में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सहित शहर में स्थित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई। संध्या के समय अंबेडकर चौक पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों दीप प्रज्वलित कर वातावरण को आलोकित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब के सिद्धांतों को केवल सुनने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आएं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी डॉ. अंबेडकर के विचारों को केवल सैद्धांतिक रूप से नहीं, बल्कि व्यवहारिक रूप से लागू करने का प्रयास करती है। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों में सामाजिक समरसता, समान अवसर और न्याय के सिद्धांत स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं, जो बाबा साहेब के सपनों के भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।



सिरसा। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## भगवान वाल्मीकि सेवा समिति ने मनाई बाबा साहेब की जयंती



**फतेहाबाद।** भगवान वाल्मीकि सेवा समिति द्वारा संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहब को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ भट्टू ब्लॉक की चेयरपर्सन अनु सरबटा, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सरबटा और पार्षद नीलांशी शर्मा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने बाबा साहब को सामाजिक समरसता का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उन्होंने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को ऐसा संविधान दिया, जो हर वर्ग को समानता का अधिकार प्रदान करता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, आर्यन ग्रोवर, रमेश जोइया, सुरेंद्र बिश्नोई और राजेश मुटियार सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे। वाल्मीकि सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक सरबटा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान ओम प्रकाश चड्ढा, उपास भट्टी, गौरव रत्ती, अनूप डच, शम्मी रत्ती, बबलू रत्ती, रणजीत ढिल्लों, पवन रत्ती, कवि रत्ती, भीम सेन, रविंद्र रत्ती, सचिन रत्ती और देशराज भट्टू सहित समिति के अनेक सदस्य व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की शपथ ली।

## नगर पालिका कर्मचारी संघ ने मनाई बाबा साहेब की 135वीं जयंती



**फतेहाबाद।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को आत्मसात करने के उद्देश्य से आज नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई फतेहाबाद द्वारा उनकी 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। यूनियन कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की, जबकि मंच संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट द्वारा किया गया। विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के संस्थापक पूनम रत्ती, सीटू नेता बेग राज और वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड ने बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें दलित, आदिवासी, पिछड़े और सामान्य वर्ग सहित महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार दिए गए। उन्होंने सबको सस्ती शिक्षा और रोजगार की वकालत की थी। गोष्ठी के दौरान कर्मचारी नेताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में 8 घंटे की ड्यूटी, पक्की नौकरी और पुरानी पेंशन जैसी सुविधाएं समाप्त की जा रही हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार चार लेबर कोड लागू करके 12 घंटे की ड्यूटी थोपना चाहती है और ओवरटाइम की सुविधा खत्म की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ सरकार उन्हें रात की ड्यूटी पर लगाने के कानून ला रही है।

## बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर ही राष्ट्रीय विकास संभव: चौटाला

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने मंगलवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा पर नमन किया और उन द्वारा देश के विकास के लिए दिए गए योगदान के लिए याद किया। जेजेपी के जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि इस दौरान उनके साथ जेजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा, पूर्व जिला प्रभारी सुरेंद्र बेनीवाल, अनिल कासनिया, सुरेंद्र भागीराम, कुलदीप जांगू, राममूर्ति बाना, लक्की चौधरी, दीपक भाटिया, संदीप झींझा व अकबर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। अजय सिंह चौटाला ने कहा कि सभी को बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए रास्ते पर आगे बढना चाहिए। उन्होंने सदैव वंचित समाज के उत्थान व राष्ट्रीय विकास की अवधारणा को बल दिया मगर वर्तमान समय में विभिन्न राजनीतिक दल अपने अपने लाभ के लिए संवैधानिक व्यवस्था में परिवर्तन को समय की मांग बताकर भारतीय संविधान में संशोधन करने को आतुर हैं जो किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने संगठित रहने व शिक्षित बनने का जो सिद्धांत दिया, उस पर चलकर मानव जीवन सार्थक किया जा सकता है।



सिरसा। डॉ. अंबेडकर जयंती पर उनको नमन करते हुए।

## एसपी और एएसपी ने किया रतिया के थानों व चौकियों का औचक निरीक्षण

**रतिया।** रतिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर और सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने आज संयुक्त रूप से रतिया उपमंडल का विशेष दौरा किया। इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने थाना सदर, थाना शहर और विभिन्न पुलिस चौकियों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थानों के मालखाना, हवालात, रिकॉर्ड रूम और मेस की स्थिति देखी। उन्होंने सीटीएनएस प्रणाली की कार्यक्षमता की जांच की और पुलिस अधिकारियों को लंबित मुकदमों का शीघ्र निपटान करने के कड़े निर्देश दिए। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के अनुशासन और टर्नआउट की सराहना करते हुए रिकॉर्ड को हमेशा अपडेट रखने की हिदायत दी। एसपी निकिता खट्टर ने थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद, थाना शहर प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिहाग और चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## ठेकेदार को अधिकारियों का मिल रहा है संरक्षण

# करोड़ों का सफाई टेंडर, फिर भी नपा के भरोसे शहर, पार्षद ने वीडियो से खोली पोल

*डोर-टू-डोर गाड़ियां केवल औपचारिकता निभा रही हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। करोड़ों रुपये के पांच साल के टेंडर के बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर नहीं है। हालात यह हैं कि जो काम ठेकेदार को करना चाहिए, वह नगर पालिका के कर्मचारी और संसाधन कर रहे हैं। इसे लेकर ठेकेदार और अधिकारियों की सांठ-गांठ के आरोप लगने लगे हैं। मामला उस समय चर्चा में आया जब पार्षद सुशील सोनी ने शहर में कचरा उठाने की व्यवस्था का लाइव वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि नगर पालिका के कर्मचारी और ट्रैक्टर-ट्रॉली शहर से कचरा उठाकर डंपिंग पॉइंट तक पहुंचा रहे हैं। जबकि डोर-टू-डोर कचरा उठाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है।



भूना। नगर पालिका के कर्मचारी और ट्रैक्टर-ट्रॉली शहर से कचरा उठाकर डंपिंग पॉइंट पर कचरा लेकर पहुंचे हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सफाई व्यवस्था चरमराई

पार्षद सुशील सोनी ने आरोप लगाया कि लंबे समय से ठेकेदार को अधिकारियों का संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर गाड़ियां केवल औपचारिकता निभा रही हैं और शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### दिया स्पष्टीकरण

इस मामले में सफाई दरोगा राहुल कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि पिछले दो दिनों से लोडर किसी जरूरी काम में लगा हुआ था। ऐसे में उसके स्थान पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को कचरा उठाने के लिए भेजा गया। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रैक्टर में डलने वाला तेल ठेकेदार की ओर से ही उपलब्ध कराया गया था।

### नियमित गाड़ियां घर-घर भेजी जा रही: अर्पण

वहीं नगर पालिका की चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के आरोपों की जांच करवाई जाएगी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें उनका कोई संरक्षण नहीं है। उन्होंने दावा किया कि शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से गाड़ियां घर-घर भेजी जा रही हैं। फिलहाल, इस पूरे मामले ने शहर की सफाई व्यवस्था और टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद क्या कार्रवाई होती है।